# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट : www.iitd.ac.in

**विज्ञापन संख्या: मिशन मोड (सीधी भर्ती)(1)/2023 दिनांक फरवरी, 02, 2023**

**भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :**

| क्रम. सं. | पदनाम | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक | रिक्तियों की संख्या एवं समूह | | | | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स | आयु सीमा* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | कुल | समूह | | |
| 01. | वास्तुकार (आर्किटेक्ट) | सम्पदा एवं निर्माण | 01 | – | 01 | बी | लेवल 6 | 35 वर्ष |
| 02. | उद्यान अधिकारी | | 01 | – | 01 | बी | लेवल 6 | |
| 03. | अग्निशमन अधिकारी | | 01 | – | 01 | बी | लेवल 6 | |
| 04. | सुरक्षा अधिकारी | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 05 | चिकित्सा अधिकारी (दन्त) | अस्पताल | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 06 | फिजियोथेरेपिस्ट | | 02 | – | 02 | बी | लेवल 6 | 35 वर्ष |
| 07 | हिन्दी अधिकारी** | हिन्दी विभाग | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 08 | कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक अधिकारी | | 02 | – | 02 | बी | लेवल 6 | 35 वर्ष |
| 09 | प्रशिक्षण एवं नियुक्ति अधिकारी | करियर सेवा कार्यालय | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 10 | करियर काउंसलर | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | |
| 11. | एप्लिकेशन विश्लेषक | सी.एस.सी. (कोर) | 03 | 01 | 04 | बी | लेवल 6 | 35 वर्ष |
| 12 | सिस्टम विश्लेषक | | 02 | – | 02 | बी | लेवल 8 | 40 वर्ष |
| 13 | वरिष्ठ सिस्टम विश्लेषक | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 14 | प्रमुख सिस्टम विश्लेषक | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 12 | 50 वर्ष |
| 15 | प्रोडक्शन सहायक | ई.टी.एस.सी. | 04 | 01 | 05 | सी | लेवल 5 | 30 वर्ष |
| 16 | प्रोडक्शन प्रबन्धक | | 02 | – | 02 | बी | लेवल 6 | 35 वर्ष |
| 17 | सहायक कार्यक्रम समन्वयक | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| **कुल पद** | | | **26** | **02** | **28** | | | |

* आयु सीमा/ रियायत, **भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022** संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारी के बिन्दु 13 परिशिष्ट A1 (प्रावधान युक्त अधिसूचना) पृष्ठ 11 एवं 12 के अनुसार होगी। यह संस्थान की आर.टी.आई. वेबसाइट http://rti.iitd.ac.in/ पर उपलब्ध है।

** विज्ञापन सं. E-II/03/2020 (सीधी भर्ती) के अन्तर्गत शुल्क के साथ तथा शुल्क में छूट के साथ हिन्दी अधिकारी पद के लिए पहले भुगतान किये गए शुल्क को समायोजित करने हेतु **पुनः आवेदन पत्र** में दस्तावेजों को अपलोड करते समय सफलतापूर्वक भुगतान करने के प्रमाण को अपलोड किया जाना अनिवार्य है अन्यथा उम्मीदवार को पुनः शुल्क का भुगतान करना होगा। शुल्क के समायोजन/वापसी के लिए किसी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, पद के लिए उनकी पात्रता इस विज्ञापन{संख्या–मिशन मोड (सीधी भर्ती)(1)/2023 दिनांक फरवरी, 02, 2023} के अन्तर्गत होगी तथा तदनुसार शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी।

**उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता/अनुभव :**

**1. वास्तुकार (आर्किटेक्ट)**
**अनिवार्यः**

(i) न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वास्तुकला (आर्किटेक्चर) अथवा समकक्ष में स्नातक की उपाधि तथा 5 वर्ष का संबंधित अनुभव।

(ii) कार्य क्षेत्र से संबंधित सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में विशेषज्ञता।

**2. उद्यान अधिकारी**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ कृषि या वनस्पति विज्ञान में विज्ञान स्नातक (B.Sc) तथा किसी भी सरकारी विभाग या स्वायत्त या वैधानिक निकाय या पी.एस.यू. या कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निगमित या स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किसी भी कम्पनी में सजावटी बागवानी सहित उद्यान (हार्टिकल्चर) में 2 वर्ष का अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ बागवानी में विशेषज्ञता के साथ कृषि विज्ञान में स्नातकोत्तर (M.Sc) उपाधि या लैण्डस्केप आर्किटेक्चर या फ्लोरीकल्चर विज्ञान में स्नातकोत्तर (M.Sc) उपाधि।

**3. अग्निशमन अधिकारी**
**अनिवार्यः**

(i) न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग स्नातक उपाधि (अग्निशमन एवं सुरक्षा) या समकक्ष।

(ii) उप अधिकारी या समकक्ष पद पर सिविल/रक्षा अग्निशमन सेवा संगठन/सार्वजनिक उपक्रम में अग्नि सुरक्षा या अग्निशमन के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

**4. सुरक्षा अधिकारी**
**अनिवार्यः**

आपदा प्रबंधन एवं शमन में प्रथम श्रेणी से विज्ञान स्नातकोत्तर (M.Sc) की उपाधि।

**अथवा**

यांत्रिक/रासायनिक/विद्युत इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. की उपाधि।

**अनुभव**

निम्नलिखित सभी या कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधन में कम से कम 10 वर्ष का परिचालन एवं प्रशासनिक अनुभव।

(i) रसायनिक एवं गैस सिलेण्डरों का भण्डारण एवं प्रबंधन।
(ii) जैविक, चिकित्सा एवं रेडियोलॉजिकल वस्तुओं एवं संबंधित गतिविधियों का भण्डारण एवं प्रबन्धन।
(iii) विद्युत स्थापना।
(iv) अग्निशमन।
(v) क्रायोजेन्स एवं लेजर।

**वांछनीय**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से व्यवसायिक सुरक्षा प्रबन्धन एवं स्वास्थ्य इंजीनियरिंग तथा प्रबन्धन/औद्योगिक सुरक्षा/सुरक्षा इंजीनियरिंग में डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातकोत्तर उपाधि।

**5. चिकित्सा अधिकारी (दन्त)**
**अनिवार्यः**
बी.डी.एस. (अनिवार्य रोटेटिंग (rotating) इन्टर्नशिप) सहित तथा किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल से न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव ।

भारत के किसी भी स्टेट डेन्टल काउंसिल या ट्रिब्यूनल में पंजीकृत होना चाहिए।

**वांछनीय**

(i) उपयुक्त दंत चिकित्सा शाखा में एम.डी.एस.

**अथवा**

(ii) दंत चिकित्सा की उपयुक्त शाखा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल से न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

**अथवा**

(iii) कार्य अनुभव मेडिकल कॉलेज अथवा बड़े सरकारी/मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पताल से होना चाहिए।

**6. फिजियोथेरापिस्ट**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ फिजियोथेरेपी की उपाधि तथा मान्यता प्राप्त अस्पताल/संस्थान/कॉलेज से 3 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ फिजियोथेरेपी/फिजियो ऑक्यूपेशनल थेरेपी में डिप्लोमा (10+2 के बाद) सहित किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल/संस्थान/कॉलेज से न्यूनतम 5 वर्ष का संबंधित अनुभव।

## 7. हिन्दी अधिकारी

**अनिवार्यः**

1. कम से कम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

कम से कम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

कम से कम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि हिंदी माध्यम के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

कम से कम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अंग्रेजी माध्यम के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी माध्यम तथा हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

कम से कम 55% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी वैकल्पिक या अनिवार्य विषय या दोनों में से एक परीक्षा का माध्यम के रूप में तथा दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

2. केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकाय/वैधानिक संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान के अन्तर्गत हिन्दी में शब्दावली (शब्दावली कार्य) का उपयोग/लागू करने का 3 वर्ष का अनुभव और अंग्रेजी से हिन्दी या इसके विपरीत अनुवाद कार्य को अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य क्षेत्र का अनुभव हो।

**अथवा**

केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकाय/वैधानिक संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान के अन्तर्गत हिन्दी और अंग्रेजी में शिक्षण अथवा हिन्दी या अंग्रेजी में शोध का 3 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीयः**

1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं स्तर पर संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल हिन्दी के अलावा किसी एक भाषा का अध्ययन किया हो।

2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से हिन्दी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स या भारत सरकार के उपक्रम सहित केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालयों में हिन्दी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद कार्य में 2 वर्ष का अनुभव।

**8. कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि हिंदी माध्यम के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अंग्रेजी माध्यम के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी वैकल्पिक या अनिवार्य विषय या दोनों में से एक परीक्षा का माध्यम के रूप में तथा दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रही हो।

**तथा**

हिन्दी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स या भारत सरकार के उपक्रम सहित केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालयों में हिन्दी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद कार्य में 2 वर्ष का अनुभव।

**9. प्रशिक्षण एवं नियुक्ति अधिकारी**
**अनिवार्यः**

न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा तथा संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

**10. करियर काउंसलर**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष ग्रेड बिन्दु औसत) के साथ मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/संबंधित विद्याशाखा में स्नातकोत्तर।

**अनुभवः**

निम्नानुसार 7 वर्ष का संबंधित अनुभव होः—

(क) साइकोमेट्रिक टेस्ट, प्रोफाइलिंग, पूर्णकालिक करियर काउंसलर में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।
(ख) जो अधिमानतः एक शैक्षिक/कैरियर परामर्श केन्द्र से हो।

**वांछनीय**

1. उपरोक्त (क) में सामूहिक परामर्श तथा व्यक्तिगत परामर्श शामिल होना चाहिए।
2. करियर कांउसलिंग में प्रमाणन।
3. कार्यशाला प्रबंधन में 2 वर्ष का अनुभव।
4. उत्कृष्ट संचार कौशल आपेक्षित है।

### 11. एप्लिकेशन विश्लेषक
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातकोत्तर में न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग अथवा बी.ई./बी.टेक. अथवा संबंधित क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 3 वर्ष का संबंधित अनुभव।

### 12. सिस्टम विश्लेषक
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में एम.टेक. या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 4 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में बी.टेक./स्नातकोत्तर उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 6 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 8 वर्ष का संबंधित अनुभव।

### 13. वरिष्ठ सिस्टम विश्लेषक
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में एम.टेक. उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 10 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 12 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर में बी.ई./बी.टेक. स्नातकोत्तर उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 14 वर्ष का संबंधित अनुभव।

### 14. प्रमुख सिस्टम विश्लेषक
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में एम.टेक. या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 15 वर्ष का समग्र अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/एम.सी.ए. में स्नातकोत्तर उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 17 वर्ष का समग्र अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक. या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित 19 वर्ष का समग्र अनुभव।

**15. प्रोडक्शन सहायक**
**अनिवार्य:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक उपाधि या समकक्ष।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष का डिप्लोमा या समकक्ष सहित 2 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**16. प्रोडक्शन प्रबन्धन**
**अनिवार्य:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.सी.ए./एम.एससी./बी.टेक. अथवा समकक्ष सहित 1 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक की उपाधि अथवा समकक्ष सहित 3 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**17. सहायक कार्यक्रम समन्वयक**
**अनिवार्य:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.टेक. अथवा समकक्ष सहित 5 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.सी.ए./एम.एससी./बी.टेक. सहित 7 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**सामान्य निर्देश :**

1. अभ्यार्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता अनुभव मानदण्ड के बारे मेंध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों को जांचा जाएगा। जिसके हेतु प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता के अनुसार वह स्वयं सन्तुष्ट हों। यदि भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई सूचना को झूठा अथवा गलत पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

2. एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तबदीली/पुनः प्रविष्ट नहीं किया जा सकता। एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें। **प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए Mozilla firefox का उपयोग करें।**

3. प्रत्येक पद के समक्ष उल्लिखित 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा.प्रौ.सं. दिल्ली नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएंगे।

4. भर्ती पोर्टल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से समूह 'ए' पदों के लिए ₹ 500/– (केवल पांच सौ रुपए) समूह 'बी' एवं 'सी' पदों के लिए ₹ 200/– (केवल दो सौ रुपए) शुल्क का भुगतान करना होगा। **केवल शुल्क भुगतान के बाद ही जमा किया गया आवेदन पत्र स्वीकार होगा।** एक बार शुल्क का भुगतान होने के बाद किसी भी स्थिति में शुल्क वापिस अथवा पुनः समायोजित नहीं होगा। अनु. जाति/अनु. जनजाति, दिव्यांग श्रेणी तथा महिला प्रत्याशियों को शुल्क से छूट प्राप्त है।

5. शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव को पूरा करना मूल आवश्यकता है। सामान्य तौर पर मानकों का पालन करते हुए प्रत्याशी को भर्ती/चयन के स्तरों में आगे बढ़ते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। यदि प्राप्त आवेदन विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक हैं तो स्क्रूटनी/शॉर्टलिस्टिंग समिति आवेदकों के शैक्षणिक प्रदर्शन और/या वर्षों के अनुभव अथवा अन्य आधार पर शॉर्टलिस्टिंग के लिए अतिरिक्त मानदंड तय करने का निर्णय ले सकती है और शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को संस्थान के निर्णयानुसार योग्यता पर लागू होने वाली कुछ मूल्यांकन प्रक्रिया और बाद के चरण (चरणों) के लिए बुलाया जाएगा।

6. आवेदकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने पूरे अनुभव और शैक्षणिक प्रदर्शन को उचित यथा स्थान पर भरें। बाद में जोड़ने/हटाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर उम्मीदवार की योग्यता का आकलन किया जाएगा। बाद में कोई अतिरिक्त दस्तावेज जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. भा.प्रौ.सं. दिल्ली बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है या यह सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार किसी भी खंड में संशोधन कर सकता है। इसी प्रकार, संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापित किसी भी पद के लिए या सभी पदों के लिए रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने, भर्ती को पूरी तरह से स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

8. चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रम के मामले में निदेशक, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अन्तिम होगा।

9. **यात्रा भत्ता (टीए) प्रतिपूर्ति**

   निश्चित मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (टीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा। हालांकि, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ड्यूटी/निवास स्थान से दिल्ली और सबसे छोटे मार्ग से वापस आने के लिए नियमानुसार रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा। संबंधित प्रत्याशी द्वारा NEFT विवरण देने पर स्वीकार्य राशि उनके बैंक खाते में अंतरण कर दी जाएगी तथा साक्षात्कार स्थल पर कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों आदि सेवाओं में है वे इसके लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

10. दिव्यांगों/भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण/छूट तथा उनसे संबंधित प्रतिशत केन्द्र सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार होंगे।

11. चयनित प्रत्याशी भा.प्रौ.सं. दिल्ली के किसी भी परिसर में सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

12. क्रमांक 05 पद के लिए अधिवर्षिता की आयु 65 वर्ष है और अन्य सभी पदों अर्थात क्रम संख्या 01 से 04 और 06 से 17 के लिए अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

13. (क) प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन केवल **02.02.2023 से 02.03.2023 को सांय 5.00 बजे तक** कर सकते हैं।
(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए संस्थान वेबसाइटः

1. Direct Link: *https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login*
2. Alternatively: *http://www.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.html*

(ग) सरकारी/अर्धसरकारी संगठनों/लोक उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में नियोजित प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट सभी जरुरी दस्तावेजों के साथ उचित माध्यम द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर भेजें। ऐसा न करने पर प्रत्याशी को चयन प्रकिया के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए उन्हें अग्रिम प्रति **भर्ती प्रकोष्ठ, कमरा नं. 207/सी–7, उप निदेशक (प्रचालन) कार्यालय के निकट, आईआईटी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली–110016** पर भेजनी होगी। उम्मीदवार को स्पष्ट रूप से लिफाफे के शीर्ष पर लिखना होगा ''_____________ के पद के लिए आवेदन''।

(घ) अपूर्ण और डुप्लीकेट आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

(ड.) प्रत्याशियों को योग्यता, अनुभव, नवनीतम वेतन पर्ची, जाति प्रमाणपत्र आदि सभी आवश्यक दस्तावेजों को आवेदन पत्र में उल्लिखित क्रम में एक पी.डी.एफ. फाइल **(2MB से अधिक नहीं)** में अपलोड करना होगा। यदि प्रत्याशी क्र.सं. 7 पद के लिए आवेदन कर रहा है और पहले ही शुल्क का भुगतान कर चुका है तो भुगतान का प्रमाण भी अपलोड करना होगा।

14. प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते का उल्लेख करें क्योंकि सभी पत्राचार जैसे कि एडमिट कार्ड जारी करना या कोई अन्य जानकारी केवल ई–मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

15. पात्रता, आवेदन पत्र का स्तर, डाक से विलम्ब, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और परिणाम आदि के लिए न बुलाए जाने के कारण के संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

16. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा और प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

17. संस्थान एक ऐसा कार्यस्थल बनाने का प्रयास करता है जहां विविधता की समानता हो और सभी वर्ग, जाति, लिंग एवंधर्म के प्रत्याशियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

18. चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

19. उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद शॉर्टलिस्टेड और नॉन–शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की सूची (केवल पंजीकरण संख्या तथा शार्टलिस्ट न होने के कारण दर्शाते हुए) संस्थान की वेबसाइट *https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php* पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदकों को अपनी शॉर्टलिस्टिंग/गैर–शॉर्टलिस्टिंग के लिए इस वेबसाइट पर निरंतर नजर रखनी चाहिए। शॉर्टलिस्टिंग पर यदि कोई प्रतिनिधित्व हो तो सूची के प्रकाशन की तारीख से 05 (पॉच) दिनों की अवधि के भीतर ईमेल *recruitmentcell@admin.iitd.ac.in* पर संस्थान को भेजना होगा।

20. संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारियों के लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022 के अनुसार नियम एवं शर्ते लिंक *http://rti.iitd.ac.in* पर उपलब्ध है।

21. यदि ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई समस्या आती है, तो कृपया ई–मेल *recruitrmentcell@admin.iitd.ac.in* के माध्यम से सम्पर्क करें।

22. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जायेगा।

**कुलसचिव**

<u>अनुलग्नक–1</u>

# संबंधित अनुभव खण्ड

## क्रम सं. 11 एप्लिकेशन विश्लेषक पद के लिए

(क) जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण तथा रिपोर्ट लेखन में अच्छा ज्ञान अथवा (ख) लारवेल फ्रेमवर्क में वेबसाइट विकास तथा अनुरक्षण का अनुभव तथा वेबसाइट ऑडिट, सुरक्षा में अनुभव। ERP तथा वेबसाइट विशेषज्ञता दोनों में गहन डेटाबेस कार्य अनुभव तथा ज्ञान होना चाहिए।

## क्रम सं. 12 सिस्टम विश्लेषक पद के लिए

जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण तथा विकसित मॉडयूल के विकास अनुरक्षण तथा समर्थन में अच्छा कार्यानुभव होना चाहिए तथा प्रत्याशी को लिनक्स, डेटाबेस तथा अपाचे कॉन्फिग्युरेशन के साथ–साथ SNV जैसे कोड वर्जनिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए।

## क्रम सं. 13 वरिष्ठ सिस्टम विश्लेषक पद के लिए

जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण तथा विकसित मॉडयूल के अनुरक्षण तथा समर्थन में अच्छा कार्यानुभव होना चाहिए तथा प्रत्याशी को लिनक्स, डेटाबेस तथा SNV तथा वेबसाइट के विकास तथा कार्यान्वयन अनुभव का अच्छा ज्ञान अथवा (ख) आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेंजमेंट वर्चुअलाइजेशन में वर्चुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर का कार्यान्वयन तथा डिजाइन में इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन में अच्छा अनुभव, Bash/Perl/Python में स्क्रिप्टिंग का अनुभव तथा VMWare, DNs, LDAP, DHCP, Radius, Open VPN, कोर्बोरोज तथा डेटाबेस का भी ज्ञान होना चाहिए।

## क्रम सं. 14 प्रमुख सिस्टम विश्लेषक पद के लिए

जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण अथवा Ingres/Postgres डेटाबेस का उपयोग करने वाली प्रणालियों का विकास एवं HR, खरीद, अनुसंधान एवं विकास जैसी प्रशासनिक एवं शैक्षणिक प्रक्रियाओं की समय का अच्छा अनुभव होना चाहिए। विकसित मॉडयूल के कार्यान्वयन एवं समर्थन का अनुभव होना चाहिए तथा प्रत्याशी को लिनक्स, डेटाबेस तथा एसवीएन की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। (ख) आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेंजमेंट वर्चुअलाइजेशन में वर्चुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर का कार्यान्वयन तथा डिजाइन में इन्फ्राट्रक्चर तथा सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन में अच्छा अनुभव, Bash/Perl/Python में स्क्रिप्टिंग का अनुभव तथा VMWare, DNs, LDAP, DHCP, Radius, Open VPN, कोर्बोरोज तथा डेटाबेस का भी ज्ञान होना चाहिए।